**New Syllabus**

# HINDI

**( Group – A )**

**( 2022 )**

***Time : 3 Hours 15 Minutes ]*** ***[ Full Marks : 80***

✪ ***Special credit will be given for answers which are brief and to the point. Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting. Figures in the margin indicate full marks for the questions.***

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए :

**खण्ड – क, ख** तथा **ग** के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**खण्ड – क** 1 × 9 = 9
**खण्ड – ख** 1 × 6 = 6 } **कुल अंक** = 20
**खण्ड – ग** 1 × 5 = 5

**खण्ड – क**

i) 'मैं नर्क से बोल रहा हूँ' — किस विधा में रचित है ?

(क) संस्मरण (ख) कहानी

(ग) डायरी (घ) नाटक ।

ii) मानव-स्वभाव अखिल विश्व में एक जैसा ही है — इस पंक्ति के रचयिता कौन हैं ?

(क) विद्यानिवास मिश्र (ख) अज्ञेय

(ग) हरिशंकर परसाई (घ) प्रेमचन्द ।

iii) 'दुनिया इतनी बड़ी है कि कोई किसी का हिसाब नहीं रखता ।' — यह पंक्ति किस पाठ से है ?

(क) बिगड़ैल बच्चे (ख) मैं नर्क से बोल रहा हूँ

(ग) बहता पानी निर्मला (घ) आजादी की नींद ।

iv) उन्हें उससे जरा भी दिलचस्पी नहीं — 'उन्हें' से संकेतित पात्र कौन है ?

(क) महाजन (ख) छोटा लड़का

(ग) डॉक्टर (घ) रोगी ।

v) "वे दोनों युवा प्रणयी फिर एक दूसरे में मगन थे" — यह वाक्य किस पाठ से है ?

(क) बहता पानी निर्मला (ख) बिगड़ैल बच्चे ,

(ग) आजादी की नींद (घ) मेरे राम का मुकुट भींग रहा है ।

vi) मैंने लौटने का निश्चय किया । — किसने निश्चय किया ?

(क) अज्ञेय / (ख) मनीषा कुलश्रेष्ठ

(ग) विद्या निवास मिश्र (घ) हरिशंकर परसाई ।

vii) आख़िर मेरी मौत भी आई — मौत कब आई ?

(क) रात होने पर (ख) बीमार होने पर

(ग) बाजार में घूमने पर (घ) रईस के लड़के की शादी पर

viii) ट्रेन रुक गई थी — ट्रेन कहाँ रुकी थी ?

(क) जयपुर (ख) दिल्ली

(ग) अलवर (घ) जोधपुर ।

ix) 'सोनार असम' का क्या अर्थ है ?

(क) हमारा असम (ख) सबका असम

(ग) सोने का असम / (घ) सुन्दर असम ।

## खण्ड – ख

i) पुनि-पुनि कहत कौन है माता, कौन हैं तेरौ तात — 'तात' से संकेतित कौन है ?

(क) कृष्ण (ख) बलदेव

(ग) नन्द (घ) उद्धव ।

ii) 'आठहुँ सिद्धि नवौ निधि को सुख,

नन्द की गाइ चराइ बिसारौं ।' — 'आठों सिद्धियों' में इनमें से कौन-सा नहीं है ?

(क) अणिमा (ख) लघिमा

(ग) इशित्व (घ) महापद्म ।

iii) रथ चढ़ाई हरि संग गए लै — कौन-किसको अपने साथ रथ पर ले गया है ?

(क) अक्रूर उद्धव को (ख) उद्धव-कृष्ण को

(ग) कंस कृष्ण को (घ) अक्रूर कृष्ण को ।

iv) वा लकुटी अरू कामरिया पर राज तिहूँ पुर को तजि डारौं — किस भाषा में रचित है ?

(क) अवधी (ख) ब्रजभाषा

(ग) मैथिली (घ) खड़ी बोली ।

v) 'प्याले टूटा ही करते हैं' — यह पंक्ति किसका प्रतीक है ?

(क) मदिरालय (ख) उन्मत्तता

(ग) जीवन की नश्वरता (घ) जीवन की सुन्दरता ।

vi) 'अकाल और उसके बाद'— कविता किस कोटि की रचना है ?

(क) छायावादी (ख) प्रगतिवादी

(ग) जनवादी (घ) प्रयोगवादी ।

खण्ड - ग

i) आदिकालीन काव्य की भाषा क्या है ?

(क) ब्रज-अवधी (ख) डिंगल-पिंगल

(ग) प्राकृत-अपभ्रंश (घ) खड़ी बोली-अवधी ।

ii) 'चन्दवरदाई' के पुत्र थे

(क) जगनिक (ख) जल्हण

(ग) सरहपा (घ) पुष्पदन्त ।

iii) कबीर किस धारा के कवि हैं ?

(क) ज्ञानाश्रयी (ख) प्रेमाश्रयी

(ग) रामभक्ति (घ) कृष्णभक्ति ।

iv) हिन्दी साहित्याकाश में सूरदास को कौन-सा विशिष्ट स्थान प्राप्त है ?

(क) चन्द्रमा का (ख) सितारे का

(ग) सूर्य का (घ) जुगनू का ।

v) पद्मावत के रचयिता हैं

(क) मलिक मुहम्मद जायसी (ख) सूरदास

(ग) कबीर (घ) तुलसीदास ।

2. निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में लिखिए । प्रथम प्रश्नांश के लिए **एक** वाक्य तथा दूसरे प्रश्नांश के लिए **दो** वाक्यों का प्रयोग कीजिए :

क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखिए : $2 \times 3 = 6$

i) मनुष्य समाज दो भागों में बँट गया है —

किस पाठ से है ? लेखक कौन हैं ? 1 + 1

ii) अब इसका सबसे बड़ा सदुपयोग पैसा कमाना है ।

यहाँ किस सदुपयोग की बात कही गई है ? लेखक का नाम बताइए । 1 + 1

iii) मैंने अपने बेटे-बेटी को बहुत संयम और कठोर अनुशासन में पाला है ।

पाठ का नाम लिखिए । इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए । 1 + 1

iv) 'दूसरों के मामले में नाक घुसाने का नितान्त भारतीय शौक ।'

वक्ता कौन है ? वह किस संदर्भ में ऐसा कहता है ? 1 + 1

v) आखिर मेरी मौत भी आई —

वक्ता का नाम बताइए । उसकी मौत कैसे हुई ? 1 + 1

vi) मैं दूसरे तरीके का कायल हूँ —

कौन दूसरे तरीके का कायल है और क्यों ? 1 + 1

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : $2 \times 2 = 4$

i) बाल-विनोद-मोद मन मोह्यौ, भक्त प्रताप दिखायौ ।

'भक्त प्रताप' का क्या अर्थ है ? कवि का नाम बताइए । 1 + 1

ii) पाहन हौं तो वही गिरि को जो धर्‍यो कर छत्र पुरन्दर धारन ।

'गिरि' से क्या तात्पर्य है ? 'पुरन्दर' का अर्थ बतलाइए । 1 + 1

iii) 'मधुबन की छाती को देखो,

सूखी कितनी इसकी कलियाँ'

कवि का नाम लिखिए । 'सूखी कलियाँ' से क्या अभिप्राय है ? 1 + 1

iv) वह कच्चा पीने वाला है

'कच्चा पीने' से क्या अभिप्राय है ? यह किस भाषा में रचित है ? 1 + 1

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों में लिखिए : $5 \times 3 = 15$

i) नई सभ्यता ने व्यक्ति-स्वातन्त्र्य के पंजे, नाखून और दाँत तोड़ दिये हैं — इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

ii) 'बहता पानी निर्मला' के आधार पर असम की बाढ़ की परिस्थिति के बारे में लिखिए ।

iii) 'मैं नर्क से बोल रहा हूँ' कहानी में निहित व्यंग्य को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए ।

iv) इस धन-लोभ ने मनुष्यता और मित्रता का नाम शेष कर डाला है ।

किस पाठ से हैं ? यहाँ निबन्धकार क्या कहना चाहता है ?

v) क्या आज के युवाओं में सचमुच सोशल वैल्यूज की कमी है ? पठित पाठ के आधार पर तर्क संगत उत्तर दीजिए ।

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** खण्ड के **दोनों** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ( प्रत्येक उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में ) : 5 × 2 = 10

**खण्ड – क**

i) पठित पदों के आधार पर घनानंद की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

ii) निम्नलिखित पद्यांश का ससंदर्भ अर्थ स्पष्ट कीजिए :

मृदु मिट्टी के बने हुए हैं
मधुघट फूटा ही करते हैं
लघु जीवन लेकर आए हैं,
प्याले टूटा ही करते हैं ।

**खण्ड – ख**

i) 'अकाल और उसके बाद' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए ।

ii) निम्नलिखित पद्यांश का काव्य सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए :

मधुबन तुम कत रहत हरे ?
विरह-वियोग स्याम सुंदर के,
ठाढ़े क्यों न जरै ।।

5. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों में लिखिए : 5 × 1 = 5

क) कृष्णभक्ति शाखा की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

ख) किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

सूरदास, कबीर, चन्दवरदाई, जायसी ।

6. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 × 5 = 10

क) उपसर्ग पृथक कीजिए :

अखण्ड, विज्ञापन ।

ख) वाक्य प्रयोग द्वारा लिंग निर्धारित कीजिए :

सड़क, अस्पताल ।

ग) वचन वदलिए :

वृद्धाश्रमों, सिद्धान्त ।

घ) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :

i) 'जनाब अपना बोरिया बिस्तर समेटकर जरा चलते-फिरते नजर आइए ।'

( संयुक्त वाक्य में )

ii) वह कोई अंग्रेजी गीत गुनगुना रहा था । ( प्रश्नवाचक वाक्य में )

ङ) शुद्ध करके लिखिए :

i) छत से बिस्तर समेटकर कमरे में आयी ।

ii) रोगी अपनी दुःख गाथा सुनाने के लिए बेचेन है ।

च) प्रत्यय पृथक कीजिए :

बूँदें, निर्लज्जता ।

7. किसी **एक** विषय पर 350 शब्दों में निबंध लिखिए : $10 \times 1 = 10$

क) नोटबंदी से लाभ और हानि

ख) बाढ़ एक अभिशाप

ग) 18 वें एशियाई खेलों में भारत का प्रदर्शन ।

घ) किसी एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आँखों देखा वर्णन ।